प्रेस नोट दिनांक - 28.03.2024

➡ **इटावा पुलिस द्वारा 03 शातिर चोरों को किया गया गिरफ्तार,**

➡ **कब्जे से चोरी चोरी की हुयी बकरी, 02 अवैध तमंचे व 04 जिंदा कारतूस किये गये बरामद।**

➡ **एसएसपी इटावा के निर्देशन मे थाना सहसों पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।**

दिनांक 27/03/2024 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन मे थाना सहसों पुलिस द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मध्य प्रदेश बार्डर पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी कि तभी तीन नवयुवक एक मोटर साइकिल नं0 UP75AN 2712 पर सवार होकर तीन बकरियो को बैठाये आते हुये दिखायी दिये। पुलिस टीम द्वारा उन्हे रुकने का इशारा किया तो मोटर साइकिल मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे थे। उक्त मोटर साइकिल पर सवार तीन व्यक्तियो को पुलिस टीम द्वारा एक बारगी दबिश देकर घेरघार कर चन्द्रहंसपुरा तिराहे से पाण्डरी रोड पर लगभग 300 मीटर की दूरी पर समय करीब 21.35 बजे रात्रि में गिरफ्तार कर लिया गया था। पकडे गये व्यक्तियो से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी थी तो पहले नें अपना नाम नीरज पुत्र गिरीश कुमार निवासी ग्राम वेर थाना भरथना जनपद इटावा उम्र करीब 21 वर्ष दूसरे व्यक्ति ने तेजरूप पुत्र रमेश निवासी ग्राम कोट थाना नयागाँव जिला भिण्ड (म0प्र0) हाल पता मोहल्ला पचपैरा कस्बा लखना थाना बकेवर जनपद इटावा उम्र करीब 38 वर्ष व तीसरा बालअपचारी बताया। जिनकी जामा तलाशी लेने पर दो व्यक्ति नीरज व तेजरूप से दो देशी तमन्चा 315 बोर व चार जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुये। मोटर साइकिल पर बैठाये बकरियो के सम्बन्ध में गहनता से पूछतांछ की गयी थी तो पकडे गये व्यक्तियो के द्वारा एक स्वर में बताया गया था कि यह तीनो बकरी हम लोगो ने मिलकर ग्राम रौरा थाना नयागांव जनपद भिण्ड से चोरी की थी। जिन्हे हम तीनो लोग बेंचने के लिये भरथना ले जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्त

1. नीरज पुत्र गिरीश कुमार निवासी ग्राम वेर थाना भरथना जनपद इटावा उम्र करीब 21 वर्ष।
2. तेजरूप पुत्र रमेश निवासी ग्राम कोट थाना नयागाँव जिला भिण्ड (म0प्र0) हाल पता मोहल्ला पचपैरा कस्बा लखना थाना बकेवर जनपद इटावा उम्र करीब 38।
4. 01 बाल अपचारी।

बरामदगी

1.02 अवैध तमन्चा 315 बोर।

2.04 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

3.01 मोटर साइकिल HF डीलक्स UP 75 AN 2712।

4.03 बकरियां।

पंजीकृत अभियोग

मु0अ0सं0 12/2024 धारा 411 भादवि व धारा 41/102 द0प्र0सं0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सहसों जनपद इटावा।

पुलिस टीम निरीक्षक श्री रणबहादुर सिंह प्रभारी थाना सहसों जनपद इटावा, उ0नि0 सोमवीर सिंह, उ0नि0 रमेश चन्द्रका0 आदर्श पटेल, का0 अजय तोमर।